द संस्कार वैली स्कूल में हुआ तीसरे अंतर विद्यालयीन टेकफेस्ट का आयोजन

450 स्टूडेंट्स ने समझी तकनीकी प्रणाली

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

टेकफेस्ट के दौरान स्टूडेंट्स ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

द संस्कार वैली स्कूल में बच्चों की तकनीकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से टेकफेस्ट आयोजित किया गया, जिसमें भोपाल के 15 विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी तकनीकी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली आईआईटी से टेक्नोलॉजी में स्नातकोत्तर और आईएफएस रिपुदमन सिंह भदौरिया ने कहा कि भविष्य टेक्नोलॉजी का ही होगा इसीलिए आज विद्यार्थियों को न सिर्फ इसे सीखना और समझना होगा बल्कि इसके विकास में अपना योगदान देना होगा, जिससे जिंदगी बेहतर और भविष्य आसान होगा।

प्राचार्य अमलान के साहा ने कहा कि यह टेकफेस्ट एक प्रतियोगिता न हो कर ऐसा मंच है जिससे प्रतिभा निखरकर आएगी। टेकफेस्ट में 14 प्रतियोगिताएं रखी गईं थी। जिसमें 450 स्टूडेंट्स शामिल हुए। निर्णायक के रूप में 25 विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए। 14 प्रतियोगिताओं के 144 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें 42 प्रथम पुरस्कार, 42 द्वितीय और 42 तृतीय पुरस्कार समेत 3 क्विज बुकलेट विनर घोषित किए गए। सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाले टीएसवीएस को ओवर ऑल चैम्पियन ट्रॉफी प्रदान की गई। मेज़बान विद्यालय होने के कारण टीएसवीएस ने ट्रॉफी द्वितीय स्थान पर आए बिलाबॉन्ग इंटरनेशनल स्कूल को प्रदान की।